C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:18 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:03 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 164 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 21 दिसंबर 2024

तीन हजार स्क्रीन पर दस्तक देगी...पेज-3 पर

## नए साल में होगा चारधाम यात्रा प्राधिकरण का गठन

देहरादून
हमारे संवाददाता

नए साल में चारधाम यात्रा प्राधिकरण का गठन होगा। साथ ही पंजीकरण के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 30 जनवरी तक प्राधिकरण के गठन की सभी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। चारधाम यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए नये साल में यात्रा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को 30 जनवरी 2025 तक प्राधिकरण के गठन की सभी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश



दिए। इसके अलावा बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में अवस्थापना विकास को देखते हुए धारण क्षमता बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएं। शुक्रवार को सीएम आवास में उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के सफल संचालन व सुगम बनाने के लिए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। यात्रा प्राधिकरण गठन करने के लिए 15 जनवरी तक चारधामों के तीर्थ पुरोहितों व हितधारकों के साथ बैठक कर उनके सुझाव लिए जाएं।

तीर्थ पुरोहितों और स्टेक होल्डरों से सुझाव लेकर यात्रा प्रबंधन के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह किया जाए। सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल कर यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था मजबूत किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रियों की हर प्रकार की सुविधा, यातायात प्रबंधन, अवस्थापना सुविधाओं के विकास के दृष्टिगत धामों की धारण क्षमता, यात्रा मार्गों पर विभिन्न व्यवस्थाओं और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अभी से पूरी तैयारियां की जाएं। गत वर्ष चारधाम यात्रा में अत्यधिक श्रद्धालुओं आए थे। भीड़ को नियंत्रित करने की योजना बना कर काम करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि चारधाम यात्रा मार्गों पर जिन स्थानों पर वाहनों को रोकने की व्यवस्था हो, उन स्थानों पर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही होटल, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता और अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जाए। शीतकालीन यात्रा के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं बनने से चारधाम यात्रा के दौरान भी इससे व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहेंगी। र

## News कॉर्नर

### पिथौरागढ़ में महसूस हुए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 4.8 रही तीव्रता

**पिथौरागढ़।** जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि नेपाल भूकंप का केंद्र था, इसकी तीव्रता 4.8 रिक्टर थी। करीब 15 सेकंड तक लोगों को भूकंप के झटके महसूस होते रहे। शनिवार तड़के उत्तराखंड के सीमांत जिले में भूकंप के झटके से धरती डोली। सुबह 4 बजे भूकंप का तगड़ा झटका महसूस किया गया, इससे लोगों में अफरा-तफरी फैल गई और वे कड़ाके की ठंड के बीच घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर दौड़े। करीब 15 सेकंड बाद भूकंप शांत होने से लोगों को राहत मिली। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने बताया कि नेपाल भूकंप का केंद्र था, इसकी तीव्रता 4.8 रिक्टर थी। जिले में इससे कहीं भी नुकसान नहीं हुआ। बताया कि चंपावत सहित अन्य जिलों में भी झटके महसूस किए गए।

### दिल्ली पर ठंड की मार एक्यूआई 400 पार

**नई दिल्ली।** राजधानी में ठंड और कोहरे के साथ प्रदूषण का ट्रिपल अटैक देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में आ रही ठंडी हवाओं ने दिल्ली-एनसीआर में ठंड को बढ़ा दिया है। तापमान गिरने के साथ ही कोहरे छा रहा है। राजधानी में ठंड और कोहरे के साथ प्रदूषण का ट्रिपल अटैक देखने को मिल रहा है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के कारण मैदानी इलाकों में आ रही ठंडी हवाओं ने दिल्ली-एनसीआर में ठंड को बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने दो दिन के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। दिल्ली में लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया है। आज सुबह कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। राजधानी में हवा की दिशा बदलने से वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बरकरार है। तापमान गिरने से ठंड तो दूसरी तरफ प्रदूषण की मार लोगों पर पड़ रही है। स्मॉग के कारण लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

43 वर्षों में किसी भारतीय पीएम का पहला दौरा

## पीएम मोदी दो दिवसीय दौरे पर कुवैत रवाना हुए

नई दिल्ली
एजेंसी

पीएम मोदी ने लिखा कि भारत और कुवैत न केवल व्यापार और ऊर्जा साझेदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता में भी उनकी साझा रुचि है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत के दो दिवसीय दौरे पर रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री कुवैत के शेख मेशाल अल अहमद अल जबार अल सबाह के बुलावे पर कुवैत गए हैं। यह बीते 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला कुवैत दौरा है। कुवैत रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि भारत और कुवैत न केवल व्यापार और ऊर्जा साझेदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता में भी उनकी साझा रुचि है। हम कुवैत के साथ ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देते हैं, जो पीढ़ियों से चले आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने लिखा कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री कुवैत के अमीर, युवराज और प्रधानमंत्री से मुलाकात



करेंगे। आज कुवैत पहुंचने के बाद पीएम मोदी शाम में भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात करेंगे।

कुवैत में पीएम मोदी अरैबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे। पीएम मोदी के इस दौरे से पहले साल 1981 में दिवंगत पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने कुवैत का दौरा किया था। साल 2009 में तत्कालीन उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने भी कुवैत का दौरा किया था। भारत और कुवैत के ऐतिहासिक व्यापारिक संबंध रहे हैं। कुवैत में तेल की खोज होने से पहले भारत और कुवैत के बीच खजूर और घोड़ों का व्यापार होता था। ये व्यापार भारत के पश्चिमी बंदरगाहों से होता था।

प्रधानमंत्री के दौरे में दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक तौर पर अहम बातचीत हो सकती है। कुवैत के शेख साद अल अब्दुल्ला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहला मोदी कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करेंगे।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक आयोजित

नई दिल्ली
एजेंसी

जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह ने अपनी सिफारिशों में 148 वस्तुओं की दरों में बदलाव का प्रस्ताव किया था, लेकिन सूत्रों की ओर से कहा जा रहा है कि पैनल की ओर से सुझाए गए कुछ कर परिवर्तनों पर आम सहमति बनाने की जरूरत है और इसके लिए कुछ और समय की जरूरत हो सकती है। परिषद् की बैठक में क्या फैसले हो सकते हैं आइए जानें।

जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक राजस्थान के जैसलमेर में शुरू हो गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में यह बैठक हो रही है। निर्मला सीतारमण और राज्य समकक्षों से मिलकर बनी यह समिति जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर दरों को कम करने का निर्णय ले सकती है। लेकिन बड़े पैमाने पर दरों को तर्कसंगत बनाने, जिसमें हानिकारक वस्तुओं कर को दर बढ़ाना शामिल है, पर निर्णय स्थगित किया जा सकता है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्री समूह ने अपनी सिफारिशों में 148 वस्तुओं की दरों में बदलाव का प्रस्ताव किया था। लेकिन सूत्रों की ओर से कहा जा रहा है कि पैनल की ओर से सुझाए गए कुछ कर परिवर्तनों पर आम सहमति बनाने की जरूरत है और इसके लिए कुछ और समय की जरूरत हो सकती है।



## पर्वतीय इलाकों के साथ मैदान में भी ठंड के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

दिसंबर के आखिरी दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया, पश्चिमी विक्षोभ का असर दिसंबर के आखिरी दिनों में देखने को मिलेगा। प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में फिर ठंड बढ़ने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में पाला गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 21 दिसंबर के बाद एक बार फिर प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन दिसंबर के आखिरी दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया, पश्चिमी विक्षोभ का असर दिसंबर के आखिरी दिनों में देखने को मिलेगा।

इसके चलते पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है। शुक्रवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री इजाफे के साथ 23.4 और न्यूनतम तापमान एक डिग्री की कमी के साथ 5.9 डिग्री रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री रहने के आसार हैं।

## नेशनल गेम्स की तैयारियां, दीपक रावत को खुद निरीक्षण के लिए निकलना पड़ा

देहरादून
हमारे संवाददाता

आयुक्त दीपक रावत ने मिनी स्टेडियम और गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान भी लापरवाही सामने आ गई। मिनी स्टेडियम में वॉलीबाल कोर्ट का काम ठप होने पर आयुक्त काफी नाराज हुए।

नेशनल गेम्स की तैयारियां परखने के लिए एक दिन पहले सिटी मजिस्ट्रेट की बुलाई गई बैठक का हाल देखकर आयुक्त दीपक रावत को खुद निरीक्षण के लिए निकलना पड़ा। शुक्रवार को उन्होंने मिनी स्टेडियम और गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पहुंचकर हाल देखा। इस दौरान भी लापरवाही सामने आ गई। मिनी स्टेडियम में वॉलीबाल कोर्ट का काम ठप होने पर



आयुक्त काफी नाराज हुए।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को बैठक की तो पता चला कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को यही नहीं पता कि उन्हें करना क्या है। यह स्थिति जानने के बाद ही आयुक्त शुक्रवार को निरीक्षण के लिए गए। मिनी स्टेडियम के वॉलीबाल कोर्ट में कामकाज ठप देख आयुक्त ने खेल उपनिदेशक राशिदा सिद्दीकी को वॉलीबाल कोर्ट में काम करने वाले मजदूरों के नाम, पे-रोल, रजिस्टर आदि का ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा- समय कम है, लिहाजा कोई भी काम किसी भी स्थिति में बंद नहीं होना चाहिए।आयुक्त ने मिनी स्टेडियम में चारों तरफ पाथ-वे पर लगाई जा रही बरमूडा घास पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के लिए कहा। जहां घास नहीं लगी है, वहां लगाने के निर्देश दिए। पेयजल निर्माण निगम की खेल इकाई के एई शैलेंद्र सिंह भंडारी ने आयुक्त को बताया कि 4.36 करोड़ रुपये से फुटबाल ग्राउंड बनाने समेत अन्य काम किए जा रहे हैं। फुटबाल मैदान में राई घास लगाई जा रही है। पूरे मैदान में घास की सीडिंग कर दी गई है, जनवरी के पहले सप्ताह में उग जाएगी। इस पर आयुक्त रावत ने दोबारा निरीक्षण की बात कही। आयुक्त ने खेल विभाग व कार्यदायी संस्था पेयजल निर्माण निगम को राष्ट्रीय खेल की तिथियों से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने 38वें नेशनल गेम्स की तैयारियों का किया निरीक्षण

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

38वें नेशनल गेम्स की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ पीएसी परिसर, रोडवेज बस स्टेंड और रेलवे स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान रोडवेज बस स्टेशन पर गंदगी देख डीएम ने नाराजगी जताई और शीघ्र व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। शनिवार को जिलाधिकारी नितिन भदौरिया सुबह अधिकारियों के साथ निरीक्षण के लिए निकले उनके साथ एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी,एसडीएम मनीष बिष्ट, एमनएनए नरेश दुर्गापाल, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन, एनएचएआई के अधिकारियों के साथ पीएसी 46 बटालियन, बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन का निरीक्षण नेशनल गेम्स को लेकर की गयी तैयारियों का जायजा लिया। रोडवेज स्टेशन के निरीक्षण के दौरान वहां गंदगी देख डीएम भड़क गयी उन्होंने इस सम्बंध में एआरएम से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये।



इस दौरान एआरएम और स्टेशन मास्टर नदारद मिले। जानकारी लेने पर पता चला कि दोनों अकाश पर है। जिसके बाद डीएम ने कार्यालय में मौजूद अन्य अधिकारियों से जानकारी ली और नेशनल गेम्स की तैयारियों को समय पर दुरूस्त करने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर व्यवस्थायें देखी। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए सभी व्यवस्थायें ठीक करने को कहा।

## NEWS / फटाफट

### अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मुँगली की माता का निधन

**नैनीताल** । नगर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता देवेंद्र कुमार मुँगली की माता तारा देवी मुंगली (92) वर्ष हल्द्वानी में निधन हो गया। बता दें कि तारा देवी मुंगली नगर के अयारपाटा निवासी स्वर्गीय रमेश चंद्र मुंगली (अवकाश प्राप्त एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आरईएस) की पत्नी हैं । उनके दो पुत्र एडवोकेट देवेंद्र मुंगली तथा मदन मोहन मुंगली हैं तथा पुत्री डॉ. उर्मिला जोशी तथा एनटीए के चेयरमैन एवं पूर्व चेयरमैन यूपीएससी प्रो.प्रदीप कुमार जोशी उनके दामाद हैं। तारा मुंगली का रानीबाग में अंतिम संस्कार किया गया। वर्तमान में देवेंद्र मुंगली का हल्द्वानी बमोरी नियर शांभवी हॉस्पिटल में निवास स्थान है । कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी व महासचिव डा.विजय कुमार समेत कूटा परिवार ने तारा मुंगली के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### अध्यक्ष पद पर युवा कांग्रेसी राहुल पुजारी ने की दावेदारी

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल में अध्यक्ष पद पर युवा कांग्रेसी राहुल पुजारी ने अपनी दावेदारी पर काग्रेंस के पक्ष में बड़ी जीत का दावा पेश किया है। राहुल के मुताबिक वह पूर्व में भी नगर पालिका बोर्ड में सभासद रह चुके हैं जहां उनके द्वारा अपने क्षेत्र व नगर के विकास में हमेशा बोर्ड का सहयोग किया गया और नगर कि प्राकृतिक सुन्दरता को बनाए रखने के लिए भी उनके द्वारा नगर में पिछले दस वर्षो से पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उनके द्वारा सरकारी योजनाओं से नैनीताल में विभिन्न कोचिंग कक्षाएं प्रदान की जा चुकी हैं जिनमें मुख्य वर्ष 2011 में समाज कल्याण विभाग से नि:शुल्क आईएएस नगर मे पहली बार कक्षाएं प्रदान करवाना,वर्ष 2014 में सरकारी योजना एनयूएलएम के तहत लगभग 100 से ज्यादा छात्राओं को मेडिकल नर्सिंग कि निःशुल्क कक्षाएं प्रदान करने के साथ तीन माह की विभिन्न अस्पतालों मे प्रशिक्षण भी प्रदान कराया गया। पुजारी की माने तो यदि पार्टी द्वारा उनको टिकट दिया जाता है तो उनको अपने समुदाय के साथ ही समाज के अन्य समुदायों व विभिन्न व्यवसायिक वर्गो का आर्शीवाद मिलेगा।

### पीली कोठी क्षेत्र में मेडिकल कैंप का आयोजन

**हल्द्वानी।** आज पीली कोठी प्राइमरी स्कूल में लायनेस क्लब के द्वारा एक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठ तक के दो सौ बच्चों का आखों व दांतों की जांच की गयी। जांच के पश्चात बच्चों को टूथपेस्ट और टूथब्रश आदि का वितरण किया गया। कैंप का संचालन सुशीला तिवारी के डाक्टरों ने किया। जिसमें मुख्यता डॉ देवेश गोस्वामी, डॉ अतुल चम्याल, डा रचित रस्तोगी , डा भावना फरत्याल व इं. अमित फरत्याल आदि ने किया। स्कूल प्रधानाचार्य कुसुम लता जलाल व शिक्षिकाओं में सीमा चौधरी, कोकिला रावत, कविता गौड़, सरिता खोलिया, माधवी कार्की रहे। लायनेस क्लब मेडिकल जांच कैंप अध्यक्षता कुसुम दिगारी ने की।



जिसमें क्लब सेक्रेटरी तनुजा जोशी, व क्लब के अन्य जुझारू सदस्यों में सुचित्रा जायसवाल व रीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, हेमा नेगी , कामिनी पाल , गीतू केसरवानी के सहयोग से कार्य सम्पन्न हुआ।

### बैंक खाते से 7 लाख रूपए निकालने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने अपने दो बैंक खातों से लगभग 7 लाख रुपये की अवैध निकासी का आरोप लगाते हुए कोतवाली हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराते हुए रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई है। आर.टी.ओ रोड, जयदेवपुर, ओमकार सीटी, हल्द्वानी निवासी शंकर सिंह देवडी ने बताया कि उनके बैंक खाते से पीएनबी के मेन ब्रांच तिकोनिया से लगभग 7 लाख रुपये की निकासी की गई। प्रार्थी के अनुसार, यह राशि बिना उनकी अनुमति या जानकारी के निकाली गई है। शंकर सिंह ने अपने खाते की जांच की और पाया कि उनके पैसे बिना किसी सूचना के निकाल लिए गए। इसके बाद उन्होंने कोतवाली हल्द्वानी में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।



# पर्वतीय क्षेत्र के काशतकारों का सहकारी समितियां उत्पीड़न कर रही: शर्मा

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

भीमताल विधानसभा से कांग्रेस नेता मनोज शर्मा के नेतृत्व मे कांग्रेस जनो का एक शिष्टमंडल पर्वतीय किसानों की समस्याओ को लेकर मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल से मिले ज्ञापन में मनोज शर्मा ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र के किसान काशतकारों का सहकारी समितियां उत्पीड़न कर रही हैं , साल भर में दो बार ऋण वसूली अन्याय हैं जबकि पर्वतीय किसानो कि नकदी फ़सल साल भर मे एक ही बार होती हैं , ऐसे मे कैसे साल भर मे दो बार ऋण भुगतान सम्भव हैं जबकि राष्ट्रीय कृत बैंक साल भर मे एक ही बार ऋण वसूली करते हैं । मनोज शर्मा ने कहा कि पूर्व मे भी इस संबंध मे मुख्य विकास अधिकारी को पूर्व मे भी ज्ञापन दिया गया परन्तु समाधान नही हुआ , अगर किसानो का उत्पीड़न नही रुका तो किसान उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे । शिष्टमंडल मे प्रताप सिंह बर्गली , प्रेमा बिष्ट , गोपाल बिष्ट , अभय प्रताप आदि रहे ।

# सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन चला गांव की ओर शिविर का आयोजन

**धारी**

**हमारे संवाददाता**

धारी ब्लॉक सभागार में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन चला गांव की ओर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, स्वयं सहायता समूह के सदस्य व ग्रामीण जनों के साथ विकास खण्ड स्तरीय विभिन्न विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे। शिविर में समाज कल्याण, बाल विकास, आपूर्ति, पशुपालन, पंचायतीराज कृषि विभाग व ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

खाद्य विभाग के राशन कार्डो में यूनिट दर्ज न होने का मामला आया जिस बावत पूर्ति निरीक्षक ने अवगत कराया कि कैपिंग के कारण यूनिट दर्ज नहीं हो पा रहे है, पशुपालन विभाग द्वारा राज्य पशुदान मिशन के तहत धारी के 55 परिवारों को लाभान्वित कराये जाने की जानकारी दी एवं बकरी पालन योजना के भी लाभ लेने को कहा, बाल विकास विभाग द्वारा गौरा कन्या धन, मातृ वन्दना योजना, महालक्ष्मी किट व नये आंगनवाड़ी केन्द्र खोले जाने की जानकारी दी। कृषि सम्मान योजना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि की जानकारी दी गई।

सहायक समाज कल्याण अधिकारी रवि वर्मा वी.एम. एम.,पशु चिकित्साधिकारी ग्राम विकास अधिकारी दीपा देवी हसी नयाल, निर्मला बिष्ट, सरिता बिष्ट, कृष्ण चन्द्र रविशंकर चन्दन कुलौरा, दीपक, शिवदत्त पाण्डे सहित उपस्थित रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# भाजपा के सम्भाग कार्यालय में 60वार्ड की हुई रायशुमारी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी के सम्भाग कार्यालय में 60वार्ड की रायशुमारी सम्मानजनक पूर्ण की गई। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री केदार जोशी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री,राजेश कुमार, प्रदेश प्रवक्ता गौरव पाण्डे आदि पर्यवेक्षकों द्वारा बताया आज मेयर प्रत्याशी की रायशुमारी की जा रहीं है । केदार जोशी ने बताया की अभी तक शान्ति पूर्ण रायशुमारी की गई है और संगठन में दो दिनों में सम्पन्न हुई रायशुमारी में आज हल्द्वानी निगम क्षेत्र के विधायक पूर्व विधायक, संसद सदस्य,प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष,व महामंत्री मोर्चा अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य, आदि को आमंत्रित किया गया है। आज प्रात: से ही भाजपा संभाग कार्यालय में मेयर के दावेदारों और उनके समर्थको का ताँता लगा रहा और सभी अपने प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाते दिखे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहाँ कि लोकतंत्र में सभी को दावेदारी का अधिकार है और पार्टी सभी जिम्मेदार कार्यकर्ताओ से रायसुमारी के बाद ही कोई निर्णय लेगी। संभाग कार्यालय में दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य, अनिल कपूर डब्बू, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री अजय राजोर, प्रकाश हरबोला, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत मौजूद थे।



# एसएमसी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण





**धारी**

**हमारे संवाददाता**

ब्लॉक के प्राथमिक विधालय सी आर सी में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत एसएमसी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।

जिसमें धारी ब्लॉक के हरी नगर अक्सोडा, अघरिया के रोलजांगल ,सरना ,पोखराड, बुरासी ,कौल, लड़फोड़ा ,के विधालयो के एस एम सी के सदस्यों ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया । जिसमे शिक्षकों ने बच्चो को आगे बढ़ाने व बच्चो को विधालय भेजनें के लिए प्रेरित किया गया । व साथ ही बताया की कैसे विधालय को आगे की ओर बढ़ाया जा सकता है सभी अभिभावकों ने अपने अपने विधालय की समस्या के बारे में बताय व उन समस्याओ को दूर कैसे किया जा सकता है व अपने विधालय को कैसे अच्छा बनाया जा सकता है।

नोडल प्रभारी इंद्र सिंह नयाल ने समापन के दिन सभी अभिभावको को बच्चो को आगे बढ़ने की जानकारी दी गई । विधालय विकास के बारे में सभी अभिभावकों ने अपने अपने विचार ब्यक्त किये। कहा की विधालयो में गैस सिलेंडर की ब्यवस्था की जाय ताकि बच्चो के खाना बनाया जा सके । जंगलो में भी इधन की समस्या बनी रही है। शिक्षक गोविंद चंद्रा ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम पर प्रकाश डाला । इस दौरान प्रमिला आर्या, विपिन चंद्र , नीलिमा पांडे , हीरा गोस्वामी , कंचन शाह , भागीरथी वर्मा ,बसंती आर्या , एस एम सी अध्यक्ष व सदस्य लोग मौजूद रहे ।

# अभिमत

## विचाराधारा में बुराई नहीं

***हर व्यक्ति की राजनीतिक विचारधारा अलग-अलग होती है। विचारधारा के आधार पर किसी को पद से वंचित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके मांग की गई थी कि राजनीतिक दलों के सदस्यों को वकीलों की नियामक संस्था यानि बार निकायों में पदाधिकारी बनने पर रोक लगाई जाये। शीर्ष अदालत ने याचिका खारिज कर दी और स्पष्ट कहा कि हम लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास रखने वाले देश हैं, राजनीतिक विचारधारा रखने में कुछ बुराई नहीं है।***

भारत लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में हर नागरिक को चुनाव में मतदान का अधिकार है। अलग-अलग पार्टी के प्रत्याशी को लोग वोट देते हैं। हर व्यक्ति की राजनीतिक विचारधारा अलग-अलग होती है। विचारधारा के आधार पर किसी को पद से वंचित नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करके मांग की गई थी कि राजनीतिक दलों के सदस्यों को वकीलों की नियामक संस्था यानि बार निकायों में पदाधिकारी बनने पर रोक लगाई जाये। शीर्ष अदालत ने याचिका खारिज कर दी और स्पष्ट कहा कि हम लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास रखने वाले देश हैं, राजनीतिक विचारधारा रखने में कुछ बुराई नहीं है। जस्टिस सूर्य कांत ने याचिकाकर्ता से यहां तक कहा कि वह भी किसी पार्टी में शामिल हों और अनुभव लें, बार निकाय बौद्धिक निकाय है। राजनीति में ज्यादातर वकील सक्रिय हैं। लोकसभा और राज्यसभा में वर्तमान में भी अनेक अधिवक्ता सदस्य हैं। राज्यों की विधानसभा के चुनाव में वकील अलग-अलग राजनीतिक दल से उम्मीदवार बनते हैं और निर्वाचित होने पर कुछ मंत्री बनते हैं। मंत्री, सांसद और विधायक बार एसोसियेशन के पदाधिकारी भी होते हैं। राजनीति में सक्रिय होने के साथ ही अदालतों में वकालत करते हैं। पार्टटाइम राजनीति नहीं करने वाले वकालत छोड़कर पूरी तरह नेता बन जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंत्रिपरिषद में कई चार्टर्ड एकाउंटेंट, डाक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर आदि कुशल राजनीतिज्ञ की भूमिका निभा रहे हैं। राजनीति में सक्रियता और चुनाव में प्रत्याशी बनने के लिए शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं होने के कारण उच्च शिक्षित कम सक्रिय होते थे। चुनाव में प्रत्याशी की योग्यता निर्धारित करने पर अनेक बार बहस छिड़ चुकी है। चुनाव के दौरान प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया जाता है। नामांकन पत्र में शैक्षिक योग्यता का उल्लेख होता है। चुनाव जीतने के बाद बहुत से जनप्रतिनिधियों की शैक्षिक योग्यता के फर्जी प्रमाण-पत्रों के मामले चर्चा में आते हैं। वकीलों और अन्य उच्च शिक्षित व्यक्तियों को सक्रिय राजनीति से नहीं रोका जाना चाहिए। राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान टिकट देने में जिताऊ उम्मीदवार को प्राथमिकता का फार्मूला बदलना चाहिए। संसद व विधानसभाओं में अनेक गंभीर विषयों पर चर्चा होती है। राष्ट्रहित और जनहित के निर्णय होते हैं। उच्च शिक्षित जनप्रतिनिधि चर्चा में हिस्सा लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दे सकते हैं। सामान्य पढ़ा-लिखा व्यक्ति सदन में अपनी पार्टी की ओर से मौजूदगी दर्ज कराने की भूमिका निभाते हैं।

# टैंकर ब्लास्ट में अब तक 14 की मौत

**जयपुर**

**एजेंसी**



जयपुर में एलपीजी टैंकर ब्लास्ट के हादसे में शनिवार को दो और मौत हुई हैं। हादसे में मरने वालों की संख्या अब 14 हो गई है। शुक्रवार को जयपुर के अजमेर रोड पर हुए एक्सीडेंट में 5 लोग मौके पर ही जिंदा जल गए थे। वहीं, 7 लोगों ने सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ा था।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सवाई मानसिंह अस्पताल में भांकरोटा हादसे के घायलों की कुशलक्षेम के लिए 12.45 पर पहुंचेगी। वे जैसलमेर से जीएसटी बैठक में भाग लेकर जयपुर के लिए रवाना होगी। जयपुर टैंकर ब्लास्ट में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें से 13 ने एसएमएस अस्पताल में दम तोड़ा। जबकि 1 की मौत जयपुरिया में हुई है। कुल 14 शवों में 9 की पहचान हुई है, जबकि 5 अब भी अज्ञात हैं। पुलिस उनकी पहचान के प्रयास कर रही है। अब भी एसएमएस हॉस्पिटल में 27 लोग एडमिट हैं। इनमें से 7 लोग वेंटिलेटर पर हैं। टैंकर ब्लास्ट में 34 पैसेंजर्स से भरी स्लीपर बस भी जल गई है। इसमें सवार 34 पैसेंजर्स में से 20 झुलसे हैं। वहीं, 14 पैसेंजर्स और ड्राइवर-कंडक्टर लापता हैं। चौंकाने वाली बात ये है कि एलपीजी टैंकर ब्लास्ट की चपेट में आई इस बस के पास रोड पर चलने का परमिट भी नहीं था। हादसे का शिकार हुई स्लीपर बस का है। इस बस का परमिट 25 अगस्त 2023 तक ही था। इसके बाद इसे रिन्यू ही नहीं कराया गया। वहीं बस का एआईटीपी (ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट) 8 जुलाई 2024 को एक्सपायर हो गया था। परमिट एक्सपायर होने का सीधा मतलब यह है कि बस को आरटीओ की ओर से रोड पर चलने की दी गई स्वीकृति खत्म हो चुकी है। हादसे के बाद से इस बस का ड्राइवर और कंडक्टर दोनों गायब हैं। इसके अलावा बस में सवार 14 अन्य यात्रियों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

जयपुर टैंकर कांड के बाद राजस्थान में सड़क के खतरनाक मोड यानी ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के लिए अब विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाकर ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सड़कों के दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर इनका शीघ्र सुधार किया जाए ताकि वाहन दुर्घटनाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और कामों को निर्धारित अवधि में पूरा करवाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 2350 करोड़ की लागत से ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने का काम किया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम निर्धारण हेतु कार्यशाला आयोजित

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम निर्धारण हेतु शुक्रवार को विशेष कार्यशाला आयोजित की गयी। इससे पूर्व कार्यशाला के शुभारंभ कार्यशाला के मुख्य संयोजक प्रो. संजय पंत ने किया,प्रो.पंत ने सभी का स्वागत किया तथा कहा कि पूरे प्रदेश में एक समान कोर्स लगाने हेतु यह कार्यशाला विशेष रुप से आयोजित की जा रही है । कार्यशाला में मौजूद पूर्व कुलपति गढ़वाल विश्वविधालय प्रो. एम. एम. एस. रावत ने कहा कि पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम चले इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा यह बहुत रचनात्मक कार्य है। कार्यशाला में डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा समेत प्रो.चित्रा पांडे,प्रो. ललित तिवारी,प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीता जोशी,प्रो. शालिनी, डॉ धनी आर्य, डॉ हर्ष चौहान,प्रो. रुबीना अमान, डॉ. प्रभा पंत, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. मिश्र, डॉ. हृदेश कुमार, प्रो. पदम सिंह बिष्ट, प्रो.रजनीश पांडे,प्रो. एम सी जोशी सहित कई गुरुजनों के साथ ही दिल्ली विश्वविधालय के एक्सपर्ट के साथ ही अल्मोड़ा विश्वविद्यालय तथा श्रीदेव सुमन विश्वविधालय के गुरुजन उपस्थित रहे।

## जिला कार्यालय में पार्षद पद के दावेदारों की लगी लाइन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**





निकाय चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज होने के साथ ही भाजपा के पर्यवेक्षकों ने प्रत्याशी चयन के लिए दूसरे दिन भी रायशुमारी की।

ानिवार को भाजपा के चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह, नैनीताल की विधायक सरिता आर्या और सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशियों के चयन को लेकर रायशुमारी की। पर्यवेक्षकों के सामने पार्षद के दावेदारों ने आवेदन भी किये। पर्यवेक्षकों ने दूसरे दिन भी कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलते हुए चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की। पर्यवेक्षक प्रत्याशी के चयन पर अंतिम निर्णय हाईकमान को लेना है।प्रत्याशी जो भी घोषित हो उसे भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सभी से जुटने का आहवान किया।

बता दें कि शुक्रवार को तीनों पर्यवेक्षक पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे थे। यहां पर उन्होंने मेयर प्रत्याशी चयन को लेकर रायशुमारी की। एक दर्जन से अधिक मेयर प्रत्याशियों ने अपनी अपनी दावेदारी करते आवेदन दिए। रात करीब साढ़े आठ बजे तक रायशुमारी चलती रही। आज दूसरे दिन भी पार्षद प्रत्याशी अपनी अपनी दावेदारी समर्थकों के साथ पहुंचे। यहां जिलाध्यक्ष कमल जिंदल समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## तीन हजार स्क्रीन पर दस्तक देगी बेबी जॉन बुकिंग को कयास




*वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन की एडवांस बुकिंग आंकड़ों को लेकर ट्रेड एनालिस्ट्स ने कयास लगाए हैं। आइए जान लेते हैं कि यह मास एंटरटेनर घरेलू बॉक्स ऑफिस के टिकट विंडो पर कितने करोड़ रुपये की ओपनिंग ले सकती है। वरुण धवन की एक्शन फिल्म बेबी जॉन क्रिसमस के अवसर पर 25 दिसंबर को बड़ी रिलीज के लिए तैयार है। कलीस द्वारा निर्देशित और एटली द्वारा निर्मित, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरुआत की उम्मीद के साथ पहले से ही काफी उत्साह पैदा कर दिया है। रिलीज होने में केवल चार दिन बचे हैं, ऐसे में फिल्म की अच्छी एडवांस बुकिंग देखने को मिल रही है। आइए जान लेते हैं कि वरुण धवन की फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कितने करोड़ रुपये की ओपनिंग ले सकती है। पीवीआर आईनॉक्स जैसी टॉप सिनेमा सीरीज में फिल्म के 75 हजार से अधिक टिकट बिकने की उम्मीद है और इसका लक्ष्य पहले दिन 15 करोड़ रुपये की कमाई करना है। ऐसी भी संभावना है कि टिकटों की संख्या 80 हजार तक पहुंच सकती है। अगर यह इस लक्ष्य को छूती है, तो फिल्म की मजबूत शुरुआत की उम्मीद है। हालांकि, कोई भी कमी इसकी शुरुआत को प्रभावित कर सकती है। बेबी जॉन को पूरे भारत में तीन हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा, जो पुष्पा 2 के साथ सीधी प्रतिस्पर्धा में है। जानकारी हो कि अल्लू अर्जुन की फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।*

### दो साल बाद वरुण धवन की एकल रिलीज

*हालांकि, स्क्रीन-शेयरिंग के साथ कुछ समस्याएं हैं, जिससे एडवांस टिकट बुकिंग धीमी हो गई है। इन मुद्दों को वीकएंड में हल करने की आवश्यकता होगी। साल 2022 में भेड़िया के दो साल बाद यह वरुण धवन की पहली नाटकीय रिलीज है। वरुण धवन फिल्म में डीसीपी सत्य वर्मा की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्हें बेबी जॉन के नाम से भी जाना जाता है। प्रशंसक उन्हें इस एक्शन से भरपूर रोल में देखने के लिए पहले से ही उत्साहित हैं।*

## क्रिसमस के उपलक्ष्य में रंगारंग प्रस्तुति

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीरशिबा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्रिसमस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का अभिनय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया।

प्राइमरी वर्ग के बच्चों ने ईशा मसीह के जन्म पर आधरित नृत्य नाटिका, कैरेल्स, आसमान से कोई आ गया, आजौ बाडो दिन येशु नासरी की प्रस्तुति से मनमोह लिया। बच्चे सेंटा की वेशभूषा में सजे थे। क्रिसमस सांग गाया। कार्यक्रम का संचालन अंजू बिष्ट द्वारा किया गया।

इस मौके पर संस्थापिका एवं प्रबंधिका निरुपमा भट्ट तलवार, चेयरपर्सन तिलकराज तलवार, प्रधानाचार्या मीना सती, उपप्रधानार्च एचएस बब्बर, सलाहकार के दत्त, प्रशासनिक प्रबंधिका निशा सिंह, एसओडी अनीता बिष्ट आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## स्कॉर्पियो वाहन ने खड़ी गाड़ी में टक्कर मारी

**हल्द्वानी।** नैनीताल रोड स्थित वाटिका बैक्वट हाल के समीप एक तेज रफ्तार सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन ने खड़ी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी और घटना के बाद फरार हो गया। यह घटना उस समय घटी जब पीड़ित अमित अग्रवाल और उनका चचेरा भाई गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर उसमें बैठे थे तभी अचानक पीछे से आई स्कॉर्पियो वाहन ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मारी और चालक बिना रुके तेज रफ्तार में फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने वाहन चालक को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह किसी भी तरह से मौके से भाग निकला। गनीमत यह रही कि गाड़ी में बैठने वाले दोनों व्यक्ति सुरक्षित रहे, और उस समय कोई अन्य बाइक या पैदल यात्री भी सड़क पर नहीं था, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी चालक नशे की हालत में प्रतीत हो रहा था। पीड़ित अमित अग्रवाल ने थाना काठगोदाम में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सरकारी कर्मी पर लगा जमीन घोटाले का आरोप

**हल्द्वानी।** पशुपालन विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी पर भू-घोटाले का आरोप लगा है। 213 अंबिका विहार फेस-2, ट्यूबवेल लेन, हल्द्वानी निवासी प्रदीप कुमार टम्टा ने इस मामले में कुमाऊँ मण्डल आयुक्त से गुहार लगाते हुए कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा कर 19.5 लाख रुपये की वापस दिलाने की गुहार लगाई है। प्रदीप कुमार टम्टा का आरोप है कि वर्ष 2017 में पशु चिकित्सालय चौखुटिया के क्षेत्र प्रसार अधिकारी चन्द्रशेखर सनवाल ने उनके साथ एक भूखण्ड बेचने का सौदा किया था। सौदे के मुताबिक, भूखण्ड की कीमत 32.5 लाख रुपये तय हुई थी। प्रदीप ने पहले 19.5 लाख रुपये का भुगतान किया।

# बंद घर से सोने के जेवर व नगदी उड़ा ले गए चोर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मुखानी थाना क्षेत्र के शिव विहार लोहरियाशाल मल्ला के बंद मकान में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।

शिव विहार लोहरियाशाल मल्ला निवासी दीपेंद्र पाण्डे ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि 13 नवंबर को वह अपनी पत्नी के साथ निजी कार्य से द्वाराहाट गए थे और घर के बाहर ताला लगाकर गए थे। 14 नवंबर को उनके शाले की पत्नी इन्दु पाण्डे निवासी ऊंचापुल मुखानी घर की देखरेख के लिए आई थीं। उस समय घर के बाहरी और अंदरूनी दरवाजों के ताले सही स्थिति में थे। लेकिन 15 नवंबर की रात को जब दीपेन्द्र चन्द्र पाण्डे और उनकी पत्नी घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला तो सही था, लेकिन अंदर प्रवेश करते ही उन्होंने पाया कि घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। घर में घुसने पर उन्होंने देखा कि अलमारी भी टूटी हुई थी और सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने दूसरी अलमारी भी चेक की, तो वह भी टूटी हुई थी। पूरा घर चेक करने पर यह सामने आया कि अज्ञात चोरों ने दोनों अलमारियों से सोने के आभूषण और पैसे चोरी कर लिए थे। दीपेन्द्र चन्द्र पाण्डे ने मुखानी थाने में तहरीर देकर चोरों का सुराग लगाने क गुहार लगाई है।

## महिला के बैग से जेवर व नगदी उड़ाई

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी से बाजपुर जा रही एक महिला के बैग से सोने-चांदी के जेवर और 40,000 रुपये की नगदी चोरी हो गई। यह घटना उस समय घटी जब महिला अपने पति, छोटे बच्चे और साले के साथ बस में यात्रा कर रही थी। महिला के पति रंजीत उपकारागार हल्द्वानी में बंदीरक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि वह अपनी पत्नी जुसुईया, 6 महीने के बच्चे मितांश और साले सुखविंदर के साथ हल्द्वानी से बस में सवार हुए थे। महिला ने अपने बैग में सोने और चांदी के जेवरात (जिनमें चैन, अंगूठी, तिबजिया, कुंडल, हार, पायल, कूला, विछूवा, खड़ूवे और बच्चे का माला शामिल था) और 40,000 रुपये की नगदी रखी थी। यात्रा के दौरान, जब बस हल्द्वानी से रवाना हुई, तो महिला ने बताया कि पीछे की सीट पर बैठे कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साले को सीट से उठाकर बदसलूकी की और कालाढूंगी में उतर गए। इसके बाद महिला जब बाजपुर के भगत सिंह चौक पर उतरी, तो उसने देखा कि उसके बैग की चैन खुली हुई थी। बैग को चेक किया तो उसमें रखे सभी जेवर और नगदी चोरी हो गए थे। महिला ने मामले की शिकायत दर्ज कराते हुए जेवर और नकदी बरामद करने की गुहार लगाई है।

## क्रिसमस पर आयोजित कार्यक्रम में वाहवाही लूटी

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित प्रमुख शिक्षण संस्थान संत एंथोनी इंटर कालेज में शुक्रवार को पीटी डिस्प्ले और क्रिसमस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया,इस दौरान बच्चों ने मौजूद अभिभावकों/ जनप्रतिनिधियों व दर्शकों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा सामाजिक कार्यकर्ता व निवर्तमान ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख तथा कुविवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हिमांशु पांडे ने कहा कि विद्यालय प्रबन्धन व गुरुजनों के अथक परिश्रम से विद्यार्थियों का शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास व उज्जवल भविष्य की नींव स्थापित हो रही है। इस दौरान सामूहिक प्रार्थना,मार्च पास्ट,नन्हें बच्चों का नृत्य,एरोबिक्स तथा बिहू और मयूर नृत्य, कैरल सिंगिग तथा सेंटा क्लाज द्वारा आगमन और क्रिसमस संदेश के साथ अन्य शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

# अपर मुख्य सचिव ने किया साइकिलिंग वेलोड्रोम एवं बहुद्देशीय हॉल का निरीक्षण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



प्रदेश के अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आगामी राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर रूद्रपुर के मनोज सरकार र्स्पोट्स स्टेडियम मे नवनिर्मित साइकिलिंग वेलोड्रोम एवं बहुद्देशीय हॉल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि शीघ्र ही 38वें राष्ट्रीय खेल होने है। रूद्रपुर के र्स्पोट्स स्टेडियम में साइकिलिंग, बॉलीबॉल व हैण्डबॉल प्रतियोगिताऐं होनी है इसलिए जो भी कार्य व कमियां है उन्हे 31 दिसम्बर तक अवश्य पूर्ण कर लिया जाये।अपर मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान कहा कि वेलीड्रोम देश का आठवां वेलीड्रोम है। नेशनल खेलों के साथ ही व उसके बाद भी जनपद व प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए उपयोगी साबित होगा।

इसके उपरान्त उन्होंने निर्माणाधीन सर्किट हाऊस का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान डीएम भदौरिया ने बताया कि सर्किट हाऊस तीन मंजिला बनाया जा रहा है जिसमें भू-तल में कॉन्फ्रेन्स हॉल, डाईनिंग हॉल के साथ ही 8 कमरे बनाये जा रहे है जबकि प्रथम तल पर एक डॉरमेट्री व 5 कमरे, द्वितीय तल में मुख्यमंत्री कक्ष के साथ ही तीन वीआईपी सूट बनाये जायेंगे। अतिरिक्त स्टाफ के लिए भी 4 आवास भी बनाये जा रहें है। उन्होने बताया कि सर्किट हाऊस कार्य अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। सहायक अभियंता ने अवगत कराया गया कि वे सर्किट हाऊस निर्माण कार्य जून 2025 तक ही पूर्ण कर लेंगे। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जनपद में कोई सर्किट हाऊस नही था, इस सर्किट हाऊस के बनने से जनपद में आने वाले आगन्तुकों का इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान एसएसपी मणिकान्त मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जयकिशन, एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, जिला क्रिड़ाधिकारी जानकी कार्की आदि मौजूद थे।

# यूकेडी ने मूल निवास और भू कानून की मांग को लेकर तांडव रैली निकाली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रंति दल ने मूल निवास और भू कानून की मांग को लेकर तांडव रैली निकाली। शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के साथ सैकड़ो लोगों ने उत्तराखंड के लोगों को उनके मूल हक सशक्त भू कानून और मूल निवास बनाए जाने को लेकर सरकार को तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की। यूकेडी नेताओं का कहना है कि राज्य बने 25 साल हो गए लेकिन उत्तराखंड के लोग आज भी अपने मूल अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। पहाड़ों से पलायन हो गया है बाहरी लोगों ने उत्तराखंड के पहाड़ के पहाड़ खरीद लिए हैं ऐसे में देवभूमि की अस्मिता को भी खतरा है इसलिए उत्तराखंड क्रांति दल आम लोगों की आवाज बनकर राज्य में सबसे सख्त भू कानून और उत्तराखंड के लोगों के लिए मूल निवास की मांग कर रहा है।



# गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों की शहीदी को समर्पित एक झांकी लगाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों (चार साहिबजादो ) की शहीदी को समर्पित एक झांकी सिख फेडरेशन हल्द्वानी के सदस्यों द्वारा नैनीताल रोड स्थित वॉक वे मॉल में लगाई गई हैं।

आज दिनांक 21 दिसंबर 1704 को 7 पौष को गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के परिवार का बिछौड़ा हो गया था। और 28 दिसंबर तक गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों पुत्र शहीद हो गए थे और माता गुजरी जी ज्योति जोत हो गई थी। सिख फेडरेशन ने कहा कि झांकी के माध्यम से वह संदेश देना चाहते हैं की गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार ने धर्म और देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए, मासूम बच्चे भी कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटे। वर्तमान में समाज के सभी लोगों को गुरु गोबिंद सिंह जी के बताए हुए मार्गों पर चलते हुए देश को धर्म की रक्षा करनी चाहिए। इस दौरान अमनप्रीत सिंह कोहली, जसतरन सिंह कीर, मनमीत गुजराल ,विक्की नरूला, जस्सी चढ़ा, मोनू कपूर, गगनदीप कोहली, गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स, सुखविंदर सिंह, गगनदीप सायली, जसप्रीत आनंद, परविंदर सिंह, कुलबीर सिंह, गुरजीत सिंह कोहली, गुरनीत कोहली आदि सदस्य उपस्थित थे।



## पुलिस के हत्थे चढ़े तीन सटोरिए

**हल्द्वानी।** थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस ने सट्टे के कारोबार से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता और नकदी बरामद की है। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 13 ळ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बनभूलपुरा के पुलिसकर्मी कास्टेबल महबूब अली, दिलशाद अहमद, मोहम्मद यासीन और हरीश रावत क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को गफूर बस्ती जाने वाले रास्ते पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास सट्टा संबंधित सामग्री और नगदी बरामद हुई।

## 44 नगर पालिकाध्यक्षों के प्रस्तावित आरक्षण पर एक साथ आपत्ति सुनने के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा अन्य नगर पालिकाध्यक्ष पदों के प्रस्तावित आरक्षण तय करने के बाद भी किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष पद का आरक्षण न तय करने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई करते हुए सरकार से एक हफ्ते के भीतर किच्छा नगर पालिकाध्यक्ष के आरक्षण का अनन्तिम नोटिस प्रकाशित करने व प्रदेश की सभी 44 नगर पालिकाध्यक्षों के प्रस्तावित आरक्षण पर एक साथ आपत्ति सुनने के निर्देश दिए हैं।

# डॉ. जितेंद्र कुमार लोहनी की डी लिट मौखिकी परीक्षा संपन्न

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अर्थशास्त्र विभाग डीएसबी परिसर में डॉ. जितेंद्र कुमार लोहनी की डी लिट मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई।

उनका शोध का विषय कुमाऊं मंडल के पर्वतीय जनपदों की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका ( दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन आर एल एम) के विशेष संदर्भ में) है। उक्त मौखिकी परीक्षा में वाह्य मौखिक



परीक्षक प्रोफेसर बलविंदर सिंह तिवाना, पंजाबी विश्विद्यालय, पटियाला एवं प्रोफेसर मनोज अग्रवाल, लखनऊ विश्विद्यालय रहे। उक्त मौखिकी परीक्षा में संकायाध्यक्ष कला एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पदम एस बिष्ट, प्रोफेसर रजनीश पांडे, डॉ ऋचा गिनवाल, डॉ दलीप कुमार, डॉ प्रीति, डॉ अमित मेलकानी, डॉ रमेश, शोध छात्र छात्रा दिव्या, मंजीत आदि उपस्थित रहे।

# पंडरी में श्रमिकों के बीच विवाद में एक हत्या, आरोपी फरार

किच्छा

हमारे संवाददाता

पंडरी में हुए विवाद में श्रमिक की पड़ोसी ने ही हत्या कर फरार हो गया। उसका शव झोपड़ी में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक 55 वर्षीय रामकिशन पुत्र मुखलाल निवासी ग्राम पंडरी राघवनगर किच्छा अपने परिवार के साथ रहता है। सरकारी भूमि पर एक झोपड़ी बना वहां अपने जानवर रखे थे। वह अपनी पत्नी कृष्णावती के साथ झोपड़ी में ही सो जाता था। उसका बाकी परिवार राघवनगर में ही रहता था। रात में उसका अपने पड़ोस में रहने वाले



युवक के साथ ही खाना भी खाया। रात में जब पत्नी कृष्णावती खाना लेकर आई तो रामकिशन ने उसे वापस भेज दिया। दोनों के बीच आपस मे झगड़ा हो गया। आरोप है कि रामकिशन की हत्या हो गई और उसे उसकी झोपडी में ले जाकर लिटा दिया। शनिवार सुबह जब कृष्णावती ने झोपड़ी में पहुंच कर रामकिशन को उठाने का प्रयास किया तो वह नही उठा। जिस पर कृष्णावती ने गांव में जाकर सूचना दी। मौके पर लोग पहुंचे तो रामकिशन के मुंह से खून निकलता देखा। जांच के बाद रामकिशन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एएसपी बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। एएसपी ने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है। जिस युवक से विवाद हुआ, उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है।

**कार्रवाई**

- मौके पर एएसपी, कोतवाल समेत अन्य पुलिस के अधिकारी पहुंचे
- मामला कोतवाली किच्छा क्षेत्र का, पुलिस शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई रही